# VARSITY MEET STRESSES ON RESEARCH QUALITY

HT Correspondent
letterschd@hindustantimes.com

**HISAR:** Benchmarks and parameters for various academic, administrative, research and extension activities of the Guru Jambheshwar University of Science and Technology, Hisar, were discussed at the fourth meeting of the Internal Quality Assurance Cell (IQAC).

The committee also discussed all draft benchmarks of university administrative processes and citizen charter, students support institutional services, research-quality standards and publications, pedagogies, extension-cum-social interface activities.

The meeting was chaired by the vice-chancellor, ML Ranga. RC Kuhad, University of Delhi, RS Jaglan, registrar, MS Turan, dean academic affairs, SC Kundu, chief warden, Kuldip Bansal, dean students' welfare, Dharminder Kumar, dean of colleges, BS Khatkar, university librarian, HC Garg, director (placement), Ashish Aggarwal also attended the meeting.


Karam Pal Narwal, director, IQAC, informed that the committee also decided to hold a mock assessment on the pattern of NAAC as university is all set to go for NAAC re-accreditation for the third time in June 2014.

Hindustan Times 5-12-2013

## गु.ज.वि. में आई.क्यू.ए.सी. की बैठक आज

# सिटीजन चार्टर पर लग सकती है मुहर!

### रिसर्च क्वालिटी सहित कई मुद्दों पर होगी चर्चा



गुजवि परिसर का दृश्य। (फाइल फोटो)

हिसार, 2 दिसम्बर (ब्यूरो): गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के इंटरनल क्वालिटी एश्योरैंस सैल (आई.क्यू.ए.सी.) की शिक्षा प्रणाली को और बेहतर बनाने तथा विवि के विकास से जुड़े हुए कई अहम मुद्दों पर बैठक 3 दिसम्बर को होगी। इस बैठक में 7 विभिन्न मुद्दों पर बनी कमेटियां इस बैठक में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी तथा इन सभी रिपोर्टों पर विशेष चर्चा होगी।

इसी आधार पर ही विवि के विकास के रास्तों को तय किया जाएगा। सूत्रों की मानें तो सबसे अहम व महत्वपूर्ण मुद्दा विश्वविद्यालय के सिटीजन चार्ट का रहेगा और इसी पर सबसे ज्यादा चर्चा होने की उम्मीद है क्योंकि इसी के आधार पर विश्वविद्यालय के प्रमोशन व मार्कीटिंग की पॉलिसी को आगे बढ़ाया जाएगा। सिटीजन चार्टर के बाद रिसर्च को किस तरह से बढ़ाया जाएगा तथा उसके विभिन्न मापदंडों पर विचार किया जाएगा ताकि समय के साथ शोध कार्यों व उसके नियमों में होने वाले बदलवों को पूरी तरह से लागू किया जा सके।

ऐसे में उम्मीद कर सकते हैं कि शायद अभी तक नहीं बना विवि का सिटीजन चार्टर इस बैठक में सिरे चढ़ जाए। वहीं कई विश्वविद्यालय की छवि को एक नया रूप दिया जा सके और विवि की मार्कीटिंग की जा सके।

मंगलवार को होने वाली इस बैठक में विवि के कुलपति डा. एम.एल. रंगा के अलावा दिल्ली विश्वविद्यालय से आर.सी. कुहाड़, जिंदल इंडस्ट्री से पी.आर. जिंदल तथा यू.जी.सी. से डा. रेनू शामिल होंगे। इसके अलावा आई.क्यू.आई.सी. के डायरैक्टर प्रोफैसर कर्मपाल, प्रो. अनुभा कौशिक, प्रो. एच.सी. गर्ग, एस.ई. अशोक अहलावत सहित सातों कमेटियों के अध्यक्ष भाग लेंगे। ऐसे में किस तरह के बदलाव इस बैठक में विश्वविद्यालय के विकास को लेकर किए जाते हैं, यह देखने लायक होगा।

### यह 7 कमेटियां पेश करेंगी अपनी रिपोर्ट

1. प्रो. एम.एस. तुरान की अध्यक्षता में बनी सिटीजन चार्टर कमेटी की रिपोर्ट।
2. प्रो. नवल किशोर की अध्यक्षमा में बनी मार्कीटिंग फॉर स्पोटिंग प्रिंसीपल कमेटी की रिपोर्ट।
3. डा. बी.एस. खटकड़ की अध्यक्षता में बनी रिसर्च गुणवता व उसके विभिन्न मापदंडों कमेटी की रिपोर्ट।
4. प्रो. आर. के. गुप्ता सोशल की अध्यक्षता में बनी इंटरफेयर एक्टीविटी कमेटी की रिपोर्ट।
5. प्रो. धमेंद्र की अध्यक्षता में बनी यूनिवर्सिटी वैबसाइट कमेटी की रिपोर्ट।
6. प्रो. एस.सी. कुंडू की अध्यक्षता में बनी टैक्नीकल प्रैक्टिस कमेटी की रिपोर्ट।
7. प्रो. कुलदीप बंसल की अध्यक्षता में बनी विवि को पब्लिकेशन एंड मार्कीटिंग कमेटी की रिपोर्ट।

### सभी रिपोर्टों पर विचार किया जाएगा : जागलान

रजिस्ट्रार प्रो. आर. एस. जागलान ने बताया कि सिटीजन चार्ट और रिसर्च की गुणवत्ता पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया जाएगा। इन दोनों के बिना विश्वविद्यालय की मार्कीटिंग नहीं की जा सकती है। विश्वविद्यालय का अपना सिटीजन चार्ट होने पर विश्वविद्यालय की अपनी इमेज बदलेगी जिससे विश्वविद्यालय को लाभ होगा और इसी आधार विवि की मार्कीटिंग पॉलिसी बनाई जाएगी। ऐसे सभी रिपोर्टों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

पंजाब केसरी 3-12-13

बैठक | गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के इन्टरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल की बैठक में कुलपति रंगा ने कहा

# उच्च मापदंडों का होना अत्यंत आवश्यक

हरिभूमि न्यूज. हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के इन्टरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल (आईक्यूएसी) की चौथी बैठक मंगलवार को सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एमएल रंगा ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आरएस जागलान मौजूद थे। संचालन विश्वविद्यालय के इन्टरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल के कोर्डिनेटर प्रो. कर्मपाल नरवाल ने किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा.एम.एल. रंगा ने कहा कि किसी शैक्षणिक संस्था के विकास लिए उच्च मापदण्डों का होना अत्यन्त आवश्यक है। गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार शैक्षणिक व प्रशासनिक प्रणाली के संचालन को नए आयाम देने के लिए मापदण्ड स्थापित कर रही है। शैक्षणिक व प्रशासनिक प्रणाली की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाने के लिए किसी भी संस्थान के लिए आवश्यक है कि वो अपनी कार्यप्रणाली के लिए उगात्तम मापदण्डों की स्थापना करे तथा उनका कठोरता से पालन करे।



हिसार। आईक्यूएसी की बैठक अध्यक्षता करते विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एमएल रंगा। फोटो: हरिभूमि

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आरएस जागलान ने कहा कि विश्वविद्यालय में शोध दक्षता को बढ़ाने के लिए सभी प्रयोगशालाओं का नवीनीकरण किया जाएगा। इन्टरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल के कोर्डिनेटर प्रो. कर्मपाल नरवाल ने बताया कि बैठक में सिटीजन चार्टर बनाने के सम्बंध में विभिन्न मुद्दों पर गहनता से विचार-विमर्श किया गया।

विद्यार्थियों के हित की सुविधाओं से सम्बंधित कमेटी द्वारा दिए गए सुझावों पर सहमति बनी। इसके अतिरिक्त यूनिवर्सिटी वैबसाईट, छठे वेतन आयोग से सम्बंधित शिक्षकों के लिए नए एस.ए.आर. से सम्बंधित सुझावों पर भी गहनता से विचार हुआ तथा अधिकतर सुझावों पर सहमति बनी। 2014 में विश्वविद्यालय में प्रस्तावित नैक टीम के दौरे की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में आरसी कुहाड, प्रो. एमएस तुरान, प्रो. एससी कुण्डू, प्रो. कुलदीप बंसल, प्रो. धर्मेन्द्र कुमार, प्रो. बीएस खटकड़, प्रो. एचसी गर्ग आदि थे।

हरि भूमि 4-12-13

# नैक टीम के दौरे से पहले मॉक असेसमेंट होगी


जागरण संवाद केंद्र, हिसार : 2014 में गुजवि विश्वविद्यालय में प्रस्तावित नैक टीम के दौरे की तैयारियों को लेकर विवि में मॉक असेसमेंट करवाई जाएगी। यह निर्णय मंगलवार को इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल ( आइक्यूएसी) की चौथी बैठक में लिया गया। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एमएल रंगा ने की। कुलसचिव प्रो. आरएस जागलान भी मौजूद रहे। संचालन विश्वविद्यालय के इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल के को-आर्डिनेटर प्रो. कर्मपाल नरवाल ने किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रंगा ने कहा कि किसी शैक्षणिक संस्था के विकास लिए उच्च मापदंडों का होना अत्यन्त आवश्यक है। बैठक में यह तय किया गया कि मापदंडों को अंतिम रूप देने के लिए अभी और चर्चा की आवश्यकता है। इसके लिए विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। उसके बाद अगली बैठक में इन मापदंडों को अंतिम रूप दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आरएस जागलान ने कहा कि विश्वविद्यालय में शोध दक्षता को बढ़ाने के लिए सभी प्रयोगशालाओं का नवीनीकरण किया जाएगा।

दैनिक जागरण 4-12-13

# शोध दक्षता बढ़ाने के लिए होगा नवीनीकरण

**गुजवि की आई.क्यू.ए.सी. बैठक में लिया निर्णय**

हिसार, 3 दिसम्बर (ब्यूरो): गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल (आई.क्यू.ए.सी.) की चौथी बैठक मंगलवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एम.एल. रंगा ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आर.एस. जागलान मौजूद थे। संचालन विश्वविद्यालय के इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल के को-ओर्डिनेटर प्रो. कर्मपाल नरवाल ने किया।



गुजवि के इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल (आई.क्यू.ए.सी.) की बैठक की अध्यक्षता करते विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एम.एल. रंगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा.एम.एल. रंगा ने कहा कि किसी शैक्षणिक संस्था के विकास लिए उच्च मापदंडों का होना अत्यन्त आवश्यक है। गुजवि शैक्षणिक व प्रशासनिक प्रणाली के संचालन को नए आयाम देने के लिए मापदंड स्थापित कर रही है। शैक्षणिक व प्रशासनिक प्रणाली की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाने के लिए किसी भी संस्थान के लिए आवश्यक है कि वो अपनी कार्यप्रणाली के लिए उच्चतम मापदंडों की स्थापना करे तथा उनकी कठोरता से पालन करे।

कुलसचिव प्रो. आर.एस. जागलान ने कहा कि विश्वविद्यालय में शोध दक्षता बढ़ाने के लिए सभी प्रयोगशालाओं का नवीनीकरण किया जाएगा तथा ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट के लिए विद्यार्थियों में सोफ्ट स्किल पर विशेष बल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय 2014 में होने वाले नैक असैस्मैंट के लिए पूरी तरह से तैयार है और हर क्षेत्र में प्रगति पर है। इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल के को-ओर्डिनेटर प्रो. कर्मपाल नरवाल ने बताया कि बैठक में सिटीजन चार्टर बनाने के सम्बंध में विभिन्न मुद्दों पर गहनता से विचार-विमर्श किया गया। विद्यार्थियों के हित की सुविधाओं से सम्बंधित कमेटी द्वारा दिए गए सुझावों पर सहमति बनी।

इसके अतिरिक्त यूनिवर्सिटी वैबसाइट, छठे वेतन आयोग से संबंधित शिक्षकों के लिए नए एस.ए.आर. से संबंधित सुझावों पर भी गहनता से विचार हुआ तथा अधिकतर सुझावों पर सहमति बनी। 2014 में विश्वविद्यालय में प्रस्तावित नैक टीम के दौरे की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। नैक के दौरे से पहले विश्वविद्यालय में मॉक असैस्मैंट करवाई जाएगी। बैठक में दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली से आर.सी. कुहाड़, गुजवि से प्रो. एम.एस. तुरान, प्रो. एस.सी. कुंडू, प्रो. कुलदीप बंसल, प्रो. बी.एस. खटकड़, प्रो. एच.सी. गर्ग, प्रो. आशीष अग्रवाल, अधीक्षक अभियंता अशोक अहलावत तथा परीक्षा नियंत्रक आर.के. यादव उपस्थित थे।

पंजाब केसरी 4-12-13

## आईक्यूएसी की चौथी बैठक आज

हिसार : जीजेयू के इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल (आईक्यूएसी) के कोर्डिनेटर प्रो. कर्मपाल नरवाल ने बताया कि आईक्यूएसी की चौथी बैठक मंगलवार को विश्वविद्यालय के कमेटी रूम में होगी। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एमएल रंगा करेंगे। इस बैठक में इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल के कई महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा की जाएगी।

दैनिक जागरण 3-12-13

# जीजेयू में आईक्यू एसी की बैठक आज

हिसार। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल (आईक्यू एसी) के कॉर्डिनेटर प्रो. कर्मपाल नरवाल ने बताया कि आईक्यू एसी की चौथी बैठक मंगलवार को होगी। बैठक विश्वविद्यालय के कमेटी रूम में होगी। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एमएल रंगा करेंगे। बैठक में इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल के कई महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

दैनिक भास्कर 3-12-13